Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7620	03.08.2023	04.08.2023	Gariaband Chhattisgarh	www.inkhabar.com/Hindi https://www.inkhabar.com/state/chhattisgarh-another-girl-student-died-of-malaria-in-gariaband-two-died-earlier
Title:	**Girl student died of malaria in Gariaband, two died earlier, Chhattisgarh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Gariaband, SSU- Chhattisgarh			

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के जरन्डी धवलपुर गांव में बीते मंगलवार को फिर कक्षा 5वी में पढाई करने वाली एक और छात्रा की मौत मलेरिया से हो गई है. वहीं इस बात की जानकारी मिलते ही जिला मलेरिया अधिकारी मनमोहन ठाकुर और स्वास्थ्य विभाग का अमला मौके पर जरन्डी धवलपुर क्षेत्र के लिए चल पड़े, लेकिन बाढ़ की वजह से जरन्डी धवलपुर गांव तक मलेरिया अधिकारी नहीं पहुंच पाए. वहीं मलेरिया की वजह से अब तक 3 बच्चों की मौत हो चुकी है।

क्या है पूरा मामला?

इस संबंध में मलेरिया अधिकारी मनमोहन ठाकुर ने बताया कि जरन्डी धवलपुर क्षेत्र के अमला गांव में मितानिन द्वारा जांच करने पर 11 वर्षीय छात्रा कुमारी कौशिल्या ओंटी को मलेरिया पाॅजिटिव मिली थी. जांच के बाद कुमारी कौशिल्या को दवाईयां भी दी गई थी. वहीं बुधवार शाम के समय में छात्रा की मौत होने की जानकारी मिली है. उन्होंने बताया कि बाढ़ होने की वजह से स्वास्थ्य विभाग जरन्डी धवलपुर गांव तक नहीं

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.
Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

पहुंच पाया था, लेकिन मोबाइल के जरिए ग्रामीणों को दवा देने के अलावा साफ-सफाई पर ध्यान देने की अपील की गई है. वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम बोट के माध्यम से आज जरन्डी धवलपुर गांव पहुंची है।

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से करीब 16 किलोमीटर दुर स्थित जरन्डी धवलपुर गांव में पिछले 5 दिनों से मलेरिया का प्रकोप देखने को मिल रहा है. जरन्डी धवलपुर गांव में स्वास्थ्य कार्यकर्ता मितानिन द्वारा दवा उपलब्ध कराया जा रहा है. इसी गांव के रहने वाले धनेश्वर ओंटी की पुत्री कशिल्या ओंटी जो कक्षा 5वीं की छात्रा थी. 5 दिन पहले जांच रिपोर्ट में मलेरिया पॉजिटिव आई थी. जांच के बाद कशिल्या ओंटी को दवाईयां भी दी गई थी, लेकिन कल रात अचानक कशिल्या ओंटी की तबीयत बिगड़ गई. वहीं आसपास के लोग अस्पताल ले जाने के लिए पहुंचे और कुछ ही समय उसकी मौत हो गई.

वहीं सरपंच जंगलधवलपुर बिन्देश्वरी ठाकुर ने बताया कि उन्हें कल पता चला कि जरन्डी धवलपुर गांव में मलेरिया फैला हुआ है, लेकिन बाढ़ होने की वजह से वह नहीं जा पाए. उन्हें ग्रामीणों द्वारा मलेरिया से छात्रा की मौत होने की जानकारी मिली है।